प्रकाशनार्थ

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 26-12- 2022 को बीरबाल दिवस के रूप में मनाया जाने के दिशा निर्देश के क्रम में महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 26-12 - 2022 को वीरबाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गांधी पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के संरक्षक डॉ रविंद्र नाथ शुक्ला जी रहे उन्होंने बताया कि इसी साल 9 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर पीएम मोदी जी ने ट्वीट किया था, की "वीरबाल दिवस" उसी दिन मनाया जाएगा, जब साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी को दीवार में जिंदा चुनवा दिए जाने के बाद शहीदी प्राप्त की थी।

इन दोनों महान हस्तियों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मौत को चुना।

आज के ही दिन 26 दिसंबर को सरहिंद के नवाब वजीर खान ने माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को ठंडा बुर्ज में खुले आसमान के नीचे कैद कर दिया और वजीर खान ने दोनों छोटे साहिबजादे को अपनी कचहरी में बुलाया और डरा धमका कर उन्हें धर्म परिवर्तन को कहा लेकिन दोनों साहिबजादे ने " जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के जयकारे लगाते हुए धर्म परिवर्तन करने से मना कर दिया वजीर खान ने फिर धमकी देते हुए कहा कि या तो धर्म परिवर्तन करो या मरने के लिए तैयार हो जाओ, इस कार्यक्रम के अध्यक्ष कॉलेज के प्राचार्य रहे, कार्यक्रम का संचालन करते हुए, सभी अतिथियों का स्वागत डॉ अजय श्रीवास्तव ने किया, कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित,

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल मिश्रा जी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ राज नारायण यादव, डॉ अजय बहादुर सिंह, डॉ श्रीप्रकाश दुबे, डॉ संजय यादव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।